an>

Title: Need to establish a girl's degree college in Siwan, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) ः मेरे संसदीय क्षेत्र सीवान में महिला महाविद्यालय की अत्यंत आवश्यकता है। जिला मुख्यालय में एक मात्र महिला महाविद्यालय होने के कारण छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर केन्द्र सरकार एक और महिला महाविद्यालय खोलने का आदेश दे दे तो मेरे क्षेत्र की हजारों छात्राओं को लाभ मिलेगा।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सीवान में केन्द्रीय सहायता से एक महिला महाविद्यालय की स्थापना की जाए ताकि मेरे क्षेत्र की छात्राओं को लाभ मिल सके।